# सरकारी नौकरियों में आंदोलनकारियों को आरक्षण

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **उत्तराखंड आंदोलनकारियों और उनके आश्रितों** ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री से मुलाकात की तथा **सरकारी नौकरियों में 10% आरक्षण प्रदान करने वाले विधेयक के पारित** होने पर आभार व्यक्त किया।

## प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री के अनुसार **राज्य सरकार आंदोलनकारियों के संघर्ष और बलिदान को मान्यता** देती है तथा उनके कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है।
    - सरकार ने **राज्य आंदोलनकारियों की पेंशन बढ़ाने** के साथ ही **उनकी मृत्यु के बाद उनके आश्रितों को पेंशन** देने का भी निर्णय लिया है।

## उत्तराखंड आंदोलन

- **उत्तराखंड आंदोलन के परिणामस्वरूप** अविभाजित उत्तर प्रदेश से **अलग उत्तराखंड राज्य का गठन** हुआ।
- उत्तराखंड को राज्य बनाने की मांग पहली बार वर्ष **1938** में भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस के एक **विशेष अधिवेशन** में उठाई गई थी।
- **आंदोलन ने ज़ोर पकड़ा और वर्ष 1994** तक **पृथक राज्य की मांग ने अंततः एक जन आंदोलन का रूप ले लिया, जिसके परिणामस्वरूप 9 नवंबर, 2000 को भारत के 27वें राज्य का गठन हुआ।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/agitators-quota-in-government-jobs